हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 31 अक्टूबर 2025

तापमान
अधिकतम 26.0 डिग्री
न्यूनतम 16.0 डिग्री

10 दुग्ध उत्पादों की गुणवत्ता और शुद्धता का रखें ध्यानः कृष्ण कुमार



10 डहीना सब तहसील की व्यवस्था बीमार अफसर से लेकर फरियादी तक लाचार



## खबर संक्षेप



रेवाड़ी। अनाजमंडी श्री श्याम मंदिर में सजी बाबा की भव्य प्रतिमा।

### श्री श्याम बाबा का जन्मोत्सव कार्यक्रम आज

**रेवाड़ी।** नई अनाज मंडी स्थित शिव मंदिर में श्री श्याम श्रृंगार सेवा ग्रुप की ओर से देव उठनी एकादशी के अवसर पर एक नवंबर को श्री श्याम जन्मोत्सव, अनाजमंडी श्याम मंदिर का स्थापना दिवस व 122वें संकीर्तन का आयोजन किया जाएगा। संकीर्तन का का शुभारंभ शाम 6 बजे किया जाएगा। इस मौके पर श्याम रसोई से भंडारे का प्रसाद भी वितरित किया जाएगा। श्री श्याम श्रृंगार सेवा ग्रुप से चरत अग्रवाल, विजय अग्रवाल व रवि भट्ठेवाले ने बताया कि संकीर्तन में कानपुर से भजन गायक कुमार संदीप व गोकलगढ़ रेवाड़ी से संजय शर्मा अपने मधुर भजनों से बाबा श्याम की महिमा का गुणगान करेंगे। 2 नवंबर को द्वादशी के अवसर पर शिव मंदिर में सुबह 11 बजे से भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा।

### सड़क हादसों के आरोपी चालक गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** पुलिस ने सड़क हादसों के बाद फरार दो वाहन चालकों को गिरफ्तार किया है। सेक्टर-6 धारूहेड़ा थाना पुलिस ने 29 अक्टूबर को हुए हादसे के बाद वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज किया था। ट्रक की टक्कर से कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई थी। इस मामले में पुलिस ने बवाना गुर्जर निवासी प्रमोद को गिरफ्तार किया है। जाटूसाना थाना पुलिस ने 13 अक्टूबर को दर्ज बाद में धारूहेड़ा निवासी हेमंत को गिरफ्तार किया है। दोनों को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### मारपीट मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

**बावल।** पुलिस ने मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पीड़ित पक्ष के बयान पर पुलिस ने कई लोगों के खिलाफ 4 अक्टूबर को विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। उसने मारपीट करने और धमकी देने के आरोप लगाए थे। मामले की जांच के बाद पुलिस ने सांपलान निवासी दुष्यंत को काबू कर लिया। आरोपी को तफ्तीश में शामिल करने के बाद पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### खरखड़ी के लोगों को नहीं मिला राशन

**रेवाड़ी।** कई दिनों से डिपो का राशन नहीं मिलने से परेशान खरखड़ी के ग्रामीण बड़ी संख्या में महिलाओं सहित जिला सचिवालय पहुंचे। खाद्य एवं अपूर्ति विभाग के अधिकारियों को ज्ञापन देने के बाद ग्रामीण उचित कार्रवाई के आश्वासन पर लौट गए। वीरवार सुबह गांव के कई बीपीएल परिवारों से जुड़े लोग महिलाओं के साथ जिला सचिवालय पहुंचे। इन लोगों ने आरोप लगाया कि बीपीएल कार्ड धारकों को काफी समय से राशन नहीं मिल रहा है। इससे इन परिवारों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। राशन वितरण में अनियमितताओं के चलते उन्हें राशन नहीं मिल रहा है। ग्रामीणों के जिला सचिवालय आने की सूचना पर खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के निरीक्षक जयवीर ग्रामीणों के बीच पहुंचे। उनकी शिकायत लेने के बाद ग्रामीणों को आश्वासन दिया गया कि उनकी समस्या का जल्द समाधान कराया जाएगा। अगर राशन वितरण में अनियमितताएं बरती जा रही हैं, तो इस मामले में आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

# बच्चों ने थिएटर प्ले में दिया पर्यावरण संरक्षण, शिक्षा, महिला सशक्तिकरण व राष्ट्रप्रेम का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद चंडीगढ़ के तत्वावधान में जिला बाल कल्याण परिषद् की ओर से बाल भवन में आयोजित बाल महोत्सव के ग्यारहवें दिन वीरवार को बेस्ट ड्रामेबाज प्रथम वर्ग एवं वन एक्ट-थिएटर प्ले चतुर्थ वर्ग की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिला बाल कल्याण अधिकारी वीरेन्द्र यादव ने द्वारा निर्णायक मंडल के सदस्यों और प्रतिभागियों के साथ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। वीरवार को दोनों प्रतियोगिताओं में जिले के 21 विद्यालयों के 98 बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बच्चों ने बाल भवन के मंच पर सामाजिक मुद्दों, बाल अधिकार, पर्यावरण संरक्षण, शिक्षा, महिला सशक्तिकरण एवं राष्ट्रप्रेम पर आधारित नाटक प्रस्तुत किए। नन्हें कलाकारों ने अपने भावपूर्ण संवादों, हावभाव और अभिनय कौशल से वातावरण को जीवंत किया। जिला बाल कल्याण अधिकारी ने बताया कि जिला स्तरीय बाल महोत्सव का 31 अक्टमबर को अंतिम दिन है। बाल महोत्सव में विभिन्न प्रतियोगिताओं में जिले के 150 से अधिक स्कूलों के विद्यार्थी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया है।

## बेस्ट ड्रामेबाज प्रथम वर्ग में आरपीएस के सुशांत मौर्य ने प्रथम व दिव्यांशी ने पाया द्वितीय स्थान



वन एक्ट प्ले का मंचन करते प्रतिभागी टीम।







**कार्यक्रम में ये मौजूद रहे**

निर्णायक मंडल की भूमिका में मदन ड़ागर, डा. अंकुर खेर व विजय भाटोटिया शामिल रहे। कार्यक्रम के आयोजन में नीतू भारद्वाज आजीवन सदस्य, भगवती सेवानिवृत्त अध्यापक, पिंकी कार्यक्रम अधिकारी, रोशनी सुपरवाइजर, जोगेन्द्र यादव परियोजना समन्वयक, सुकरम यादव, अनिल शर्मा, कुमारी अंतिमा तथा वॉलेंटियर के नैंसी, रीतिका, यश्वी, एकता रानी व उषा ने योगदान दिया। कार्यक्रम के संध्याकालीन सत्र में परिषद् की कार्यकारिणी समिति के सदस्य मनोज यादव ने सिरकत की।

**प्रतियोगिताओं के परिणाम**

बेस्ट ड्रामेबाज प्रथम वर्ग : आरपीएस पब्लिक स्कूल धारूहेड़ा के सुशांत मौर्य ने प्रथम, आरपीएस पब्लिक स्कूल रेवाड़ी की दिव्यांशी ने द्वितीय, आरपीएस इंटरनेशनल स्कूल की सायरा वत्स एवं वेंकटेश पब्लिक स्कूल की डोलची ने तृतीय, राज इंटरनेशनल स्कूल रेवाड़ी की भविष्य गनवाल, यूरो इंटरनेशनल स्कूल की गरिमा, सैनी पब्लिक स्कूल रेवाड़ी की मन्नत गुप्ता एवं डॉन बॉस्को स्कूल की यति डागर ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किए।

*भारतीय किसान यूनियन की चेतावनी भावांतर योजना का लाभ 15 नवंबर तक दे सरकार*

# भावांतर योजना के तहत बाजरा खरीद का आज अंतिम दिन, साढे छह लाख क्विंटल फसल पहुंची

**आज खरीद बंद की तो एक नवंबर को मंडी के गेट पर ताला लगाकर करेंगे विरोध प्रदर्शन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

जिले की अनाजमंडियों में भावांतर भरपाई के तहत बाजरा खरीद की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर निर्धारित है। रेवाड़ी अनाजमंडी में अब 6.50 लाख क्विंटल के करीब बाजरे की आवक हो चुकी है। वहीं कोसली अनाजमंडी में 2.5 लाख क्विंटल बाजरा आ चुका है। वीरवार को अनाजमंडी के मेन गेट के बाहर बाजरे की ट्रैक्टर-ट्रालियों की लंबी कतार लगी रही। यहां तक की अनाजमंडी के अंदर भी सुबह से दोपहर बाद तक ट्रैक्टर-ट्रालियों से जाम की स्थिति बनी रही। इस बार बाजरे की गुणवत्ता खराब होने के कारण खरीद एजेंसी हैफेड व वेयर हाउस कार्पोरेशन की ओर से एक दाना भी बाजरा नहीं खरीदा गया है, किसान आढतियों के माध्यम से बाजरा बेच रहे है तथा जिन किसानों का मेरी मेरी फसल-मेरा ब्योरा पोर्टल पर पंजीकरण है तथा ई-खरीद पोर्टल से ही गेटपास लेकर जे-फॉर्म कटवा रहे है, उनको ही भावांतर योजना का लाभ दिया जा रहा है। वीरवार को रेवाड़ी अनाजमंडी में 1400 व कोसली अनाजमंडी में 420 गेटपास काटे गए तथा करीब 35 हजार क्विंटल बाजरे की आवक हुई। किसान अपना बाजरा आढतियों को 1800 से 2000 रुपये प्रति क्विंटल के हिसाब से बेच रहे है, क्योंकि सरकार ने इस बार बाजरे का समर्थन मूल्य 2775 रुपये निर्धारित किया हुआ है, जिसमें 2200 रुपये प्रति क्विंटल बाजरा खरीदा जाएगा व 575 रुपये किसानों को भावांतर के रूप में दिए जाएंगे। रेवाड़ी अनाजमंडी में अभी तक 22746 के करीब गेटपास काटे जा चुके है। वही कोसली अनाज मंडी में अब तक 2 हजार गेटपास काटे जा चुके है। इस वर्ष 75 से 80 हजार हेक्टेयर में बाजरा व 8000 हेक्टेयर में कपास बोया गया था। अनाजमंडी में इस वर्ष अब तक 2936 क्विंटल के करीब कपास की आवक शुरू हो चुकी है। कपास का भाव 5600 से 7000 रुपये प्रति क्विंटल चल रहा है। वहीं अनाजमंडी में अब तक 12621 क्विंटल धान भी आ चुका है। धान का भाव 3000 से 3500 रुपये क्विंटल चल रहा है।



रेवाड़ी। वीरवार को अनाजमंडी के मुख्य गेट पर लगा जाम। फोटो :हरिभूमि




अनाजमंडी में फड पर लगी बाजरे की ढेरियां

**अनाजमंडी में फसल का उठान धीमा**

*वीरवार को नई अनाजमंडी में ब्रास मार्केट साइड व सचिवालय साइड के दोनों गेटों के पास सुबह से ही जाम की स्थिति बनी रही। अनाजमंडी में खरीदी गई फसल का उठान भी काफी धीमा चल रहा है, जिससे जगह की कमी होती जा रही है, जिससे किसान बाजरा व कपास सड़क पर डाल रहे है। सड़क पर बाजरे की ढेरियां लगने से वाहनों की कतार लगने से जाम के हालात पैदा हो रहे है।*

**भाकियू चढूनी से सचिव को सौंपा ज्ञापन**

भारतीय किसान यूनियन चढूनी के एक शिष्ठ मंडल ने वीरवार कोमार्केट कमेटी की सेक्रेटरी को ज्ञापन सौपा। यूनियन के प्रधान समय सिंह ने कहा कि सरकार ने 15 नवंबर तक बाजरा खरीदने का आश्वासन दिया था, लेकिन अब 31 अक्टूबर तक ही बाजरा खरीदा जाएगा। यूनियन ने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर 31 अक्टूबर को बाजरे की खरीद बंद की गई तो यूनियन एक नवंबर को अनाजमंडी के गेट पर ताला लगाकर विरोध प्रदर्शन करेगी। प्रधान ने कहा कि पहले ही किसानों का बाजरा नुकसान में 1700 से 1800 तक औने पौने दामों में बिक रहा है। सरकार ने दक्षिणी हरियाणा के किसानों के साथ तो बड़ा भेदभाव किया है। इस मौके पर कार्यकारी प्रधान राजेंद्र कुमार गेरा, शीशराम, एससी सेल के प्रधान राजकुमार, ओपी लोहाणा, मनीषा यादव, अशोक, बाबूलाल रोडवेज, जिला महिला प्रेस प्रवक्ता ममता यादव, रामजस, पूर्णिया व श्याम सुंदर सहित अनेक किसान नेता मौजूद थे।



रेवाड़ी। मार्केट कमेटी में ज्ञापन सौंपते हुए भाकियू चढूनी के सदस्य। फोटो :हरिभूमि

## पुलिस स्मृति दिवस एवं झंडा दिवस पर शस्त्र प्रदर्शनी का आयोजन



*रेवाड़ी। पुलिस शस्त्रों की जानकारी लेते हुए छात्र। फोटो :हरिभूमि*

*रेवाड़ी। जिला पुलिस की ओर से 31 अक्टूबर तक पुलिस स्मृति दिवस एवं झंडा दिवस मनाया जा रहा है। वीरवार को जिला पुलिस लाइन में शस्त्र प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में एलएमजी, एसएलआर 7.62 एमएम, राइफल 5.56 एमएम, इंसास, राइफल एके 47, कार्बाइन 9 एमएम, पिस्टल अल्टो 9 एमएम, पिस्टल ग्लॉक 9 एमएम, रिवाल्वर 38 इंची, गैस गन, पंप एक्शन गन 12, एंटी राइट गन एवं 38 एमएम मल्टीसेल लांचर सहित अन्य शस्त्र प्रदर्शित किए गए, जिनकी मारक क्षमता एवं खूबियों से डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल के छात्रों को रूबरू कराया गया। इस मौके पर लाइन ऑफिसर एसआई विजय कुमार ने बच्चों से वीर जवानों के बलिदान से प्रेरणा लेने का आह्वान करते हुए कहा कि शहीदों के बलिदान को कभी नहीं भुलाया जा सकता। शहीदों की बदौलत ही हम आज आजादी की हवा में सांस ले रहे है तथा दुश्मनों से देश की सीमाएं सुरक्षित है। इस अवसर पर डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल के अध्यापक स्टाफ से खुशबू शर्मा, दीपक राव व मंजीत सहित करीब 200 छात्र मौजूद थे।*

# पत्नी पर तेल डालकर जलाने का आरोपी काबू अदालत में पेश करने के बाद भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

करवा चौथ की रात रामपुरा में अपनी पत्नी व बेटी पर तेल छिड़ककर आग लगाने के बाद खुद को भी आग लगाने के आरोपी को रामपुरा थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया।गत 11 अक्टूबर को पुलिस शिकायत में पलवल के गांव टप्पा निवासी सतपाल ने बताया था कि उसकी तीन बहनें रामपुरा में शादीशुदा हैं। सबसे छोटी बहन अनीता की शादी वर्ष 2006 में रामपुरा निवासी मनोज के साथ हुई थी। अनीता के दो बच्चे हैं। बड़ी बेटी प्रिया 17 साल और छोटा बेटा हेमू 15 साल का है। 10 अक्टूबर की रात



उसकी बहन अनीता और भांजी को मनोज ने तेल छिड़ककर आग लगा दी। उन्हें ट्रॉमा सेंटर दाखिल कराने के बाद पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया गया। बाद में उसकी बहन ने पीजीआई में दम तोड़ दिया। पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की थी। इस मामले में पुलिस ने आरोपी मनोज को गिरफ्तार कर लिया। अदालत में पेश करने के बाद उसे जेल भेज दिया गया।

**खुद को भी लगा ली थी आग**

*करवा चौथ की रात अनीता ने व्रत रखा हुआ था। वह पति के आने का इंतजार कर रही थी। बताया जा रहा है कि मनोज शराब के नशे में धुत होकर घर पहुंचा था। इसी बात को लेकर अनीता और मनोज के बीच झगड़ा हो गया। मनोज ने तेल छिड़कर अनीता को आग लगा दी। उनकी बेटी बचाव के लिए आगे आई तो उसने उसे भी तेल छिड़ककर आग लगा दी। बाद में खुद पर तेल डालकर आग लगा ली। अनीता और मनोज को पीजीआई रोहतक रेफर किया गया था, जहां अनीता ने दम तोड़ दिया था। मनोज को पीजीआई से छुट्टी मिलने के बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया।*

# सरपंच ने किया गंगायचा अहीर में गेट का शुभारंभ



रेवाड़ी। गेट का शुभारंभ करती सरपंच पूजा यादव।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

गंगायचा अहीर में धर्मपाल की धर्मपत्नी स्व. कमला देवी की याद में परिजनों ने गेट का निर्माण कराया है। इस गेट का शुभारंभ गांव की सरपंच पूजा यादव ने किया।इस मौके पर पूजा यादव ने कहा कि बुजुर्गों की याद में किसी भी स्मारक का निर्माण कराना पुण्य कार्य है। इससे बुजुर्गों की यादें लंबे समय तक जीवंत बनी रहती हैं। कमला देवी के परिजनों ने गेट का निर्माण कराकर सराहनीय कार्य किया है। गांव में भंडारे का आयोजन भी किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। गेट के उद्घाटन अवसर पर सरोज मेहरा, पूर्व सरपंच शमशेर, श्रीचंद, सत्यनारायण्ण व परमेश आदि प्रमुख रूप से मौजूद थे।

**दिन भर आसमान में छाई रही धुएं की परत, लोगों को होती रही आंखों में जलन**

# बादलों के साथ गिरा दिन का पारा, एक्यूआई पहुंचा 400 के आसपास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

**शुक्रवार को आसमान में बादल छाए रह सकते हैं, जिससे प्रदूषण स्तर और बढ़ सकता है**

आसमान में गहराए बादलों ने प्रदूषण की समस्या एक बार फिर से बढ़ा दी है। दिन का पारा गिरते हुए एक्यूआई 400 के करीब पहुंच गया, जिससे दिन भर लोगों को आंखों में जलन होती रही। आसमान में धुएं की परत छाई रही। शुक्रवार को भी आसमान में बादल छाए रह सकते हैं, जिससे प्रदूषण स्तर और बढ़ सकता है। 1 नवंबर से दो दिन तक आसमान साफ रहने की संभावना जताई जा रही है। वीरवार को सुबह से ही आसमान में घने बादल छाए रहे। बादलों ने सूरज को आगोश से बाहर नहीं आने दिया। इससे दिन के समय मौसम ठंडा हो गया। अधिकतम तापमान 3.5 डिग्री सेल्सियस गिरकर 26.0 डिग्री पर आ गया। न्यूनतम तापमान 3.8 डिग्री सेल्सियस बढ़कर 16.0 डिग्री पर पहुंच गया। इससे रात के समय ठंड का असर कम रहा।



रेवाड़ी। वीरवार को दिन भर आसमान में छाई रही धुएं की परत। फोटो :हरिभूमि

हवा में नमी का स्तर बढ़कर 89 प्रतिशत तक पहुंच गया। हवाओं की गति महज 6 किलोमीटर प्रति घंटा रही। शाम तक सूर्यदेव के दर्शन नहीं हो पाए, जिससे ठंडा का असर बढ़ गया। बीते बुधवार को एक बार मौसम साफ होने के बाद तापमान में वृद्धि दर्ज की गई थी।

**ग्रेप-3 स्टेज तक पहुंचा एक्यूआई**

वीरवार को धारूहेड़ा का एक्यूआई बढ़कर 396 पर पहुंच गया। दिन भर आसमान में धुएं की चादर छाई रही। इससे सड़कों पर विजिबिलिटी पर भी असर पड़ा। अगर एक्यूआई 400 के पार होता है, तो ग्रेप-3 की पाबंदियां लागू की जा सकती हैं। प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड के अधिकारियों के अनुसार दिन का तापमान गिरने के कारण एक्यूआई बढ़ा है। हवा की गति मंद पड़ने से भी प्रदूषण साफ नहीं हो रहा है। हवा जहरीली होने के कारण दमा और श्वास के रोगियों के लिए आफत बनी हुई है। लोगों को आंखों में जलन की शिकायत हो रही है। आंखों में संक्रमण का खतरा भी बढ़ गया है। अगर इस समय बारिश होती है, तो वह प्रदूषण साफ करने में मददगार साबित हो सकती है।

**मामूली बूंदाबांदी भी हो सकती है**

मौसम विभाग के अनुसार 31 अक्टूबर को भी आसमान में घने या आंशिक बादल छा सकते हैं। इस दौरान मामूली बूंदाबांदी भी हो सकती है। दिन के तापमान में मौसम साफ होने तक कमी बन रह सकती है। अगले सप्ताह मौसम में एक बार फिर से बदलाव देखने को मिलेगा।

### खाटूश्याम धाम के लिए स्पेशल रेलसेवा का संचालन आज से

**रेवाड़ी।** रेलवे की ओर से देवउठनी एकादशी पर खाटूश्याम श्रद्धालुओं एवं यात्रियों की सुविधा के लिए हिसार-फुलेरा-हिसार अनारक्षित स्पेशल रेलसेवा का संचालन किया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के सीपीआरओ शशि किरण के ने बताया कि गाड़ी संख्या 04737 हिसार-फुलेरा अनारक्षित स्पेशल रेलसेवा 31 अक्टूबर से 3 नवंबर तक हिसार से दोपहर 12 बजे रवाना होकर रात्रि 9:15 बजे फुलेरा पहुंचेगी। गाड़ी संख्या 04738 फुलेरा-हिसार अनारक्षित स्पेशल रेलसेवा 31 अक्टूबर से 3 नवंबर तक फुलेरा से रात्रि 10 बजे रवाना होकर अगले दिन सुबह 7 बजे हिसार पहुंचेगी। यह रेलसेवा मार्ग में सातरोड, हांसी, बवानी खेडा, भिवानी, मनहेरू, चरखी दादरी, झाडली, कोसली, जाटूसना, रेवाड़ी, कुंड, अटेली, नारनौल, डाबला, नीमकाथाना, कावंट, श्रीमाधोपुर, रींगस एवं रेनवाल स्टेशनों पर ठहराव करेगी।

रोचक / शिखर चंद जैन

# बच्चों के मन को भाती प्यारी-अनोखी डॉल्स

बच्चो, तुम सभी को डॉल्स यानी गुड़ियों से खेलने में बहुत मजा आता होगा, है न! तुम ही नहीं दुनिया के अनेक देशों में रहने वाले बच्चे भी डॉल्स के संग खेलना पसंद करते हैं। जानो, देश-दुनिया में फेमस कुछ प्यारी-अनोखी डॉल्स के बारे में।

## अमेरिका की बार्बी डॉल्स

बार्बी डॉल को अमेरिका की बिजनेस वूमेन रूथ हैंडलर ने 1959 में तैयार किया था। पहली बार्बी डॉल ने चमकीले लाल होंठों के साथ एक स्मार्ट काले और सफेद धारीदार छोटी पोशाक पहनी थी, जो हॉलीवुड एक्ट्रेस मर्लिन मुनरो से प्रेरित थी। धीरे-धीरे बार्बी डॉल्स लोगों, खासकर बच्चों के बीच लोकप्रिय होने लगी। आज बार्बी डॉल केवल अमेरिका ही नहीं दुनिया भर के अनेक देशों में सबसे अधिक पसंद की जाने वाली डॉल मानी जाती है। *



## कर्नाटक की चन्नापटना डॉल्स



**चन्नापटना खिलौने,** लकड़ी से बनने वाले खिलौने और गुड़िया का एक विशेष रूप है, जो कर्नाटक के रामनगर जिले के चन्नापटना शहर में निर्मित किए जाते हैं। चन्नापटना को गोम्बेगाला ऊरू यानी खिलौनों के शहर के नाम से भी जाना जाता है। इन लकड़ी के खिलौनों को चन्नापटना में लाने का श्रेय मैसूर के शासक टीपू सुल्तान को दिया जाता है। उन्होंने स्थानीय कलाकारों को लकड़ी के खिलौने बनाने का प्रशिक्षण देने के लिए फारस से कलाकारों को आमंत्रित किया था, जिससे इस उद्योग को स्थानीय स्तर पर फलने-फूलने में मदद मिली। चन्नापटना खिलौने पूरी तरह रसायन मुक्त यानी केमिकल फ्री होते हैं। इन्हें सब्जियों और पौधों से निकाले गए जैविक रंगों और प्राकृतिक रंगों से रंगा जाता है। आजकल इन्हें बनाने में चंदन और आम की लकड़ी का उपयोग किया जाता है। इनका आकार अधिकतर गोल और कुंद किनारों वाले घनाकार होता है, इसलिए ये बच्चों के लिए पूरी तरह सुरक्षित हैं। चन्नापटना ट्वॉयज को जीआई टैग प्राप्त है। *



## जापान की दारुमा डॉल्स

**दारुमा, एक** पारंपरिक गोल, खोखली डॉल है। यह लचीलेपन, सौभाग्य और आध्यात्मिक एकाग्रता का प्रतीक है। आमतौर पर इनका रंग लाल होता है, लेकिन इसके डिजाइन अलग-अलग होते हैं। इसकी खासियत यह है कि इसकी आंखों में पुतलियां (प्यूपिल्स) नहीं होतीं। लोग इस डॉल से अपनी विश मांगते हैं, जब उनकी विश पूरी हो जाती है तो वे इसकी आंखों में कलर भरते हैं और इसकी पुतलियां बनाते हैं। यह डॉल सफलता तक हार न मानने के लिए प्रचलित एक जापानी मुहावरे 'सात बार गिरती है, आठ बार उठती है' का प्रतीक है। इस डॉल को अगर तुम गिराओगे, तो यह गिरने के बाद फिर से सीधी खड़ी हो जाती है। जापान में नए साल की शुरुआत में लोग दारुमा डॉल्स खरीदते हैं। इसकी एक पुतली पर रंग भरते हुए अपनी कोई इच्छा (विश) मांगते हैं। जब वह इच्छा पूरी हो जाती है, तो गुड़िया की दूसरी पुतली पर भी रंग भर दिया जाता है। इस डॉल को जापान में 'लकी चार्म' माना जाता है। *

## आंध्र प्रदेश की कोंडापल्ली डॉल्स

**कोंडापल्ली खिलौने** या कोंडापल्ली डॉल्स का इतिहास बड़ा ही दिलचस्प है। 16वीं शताब्दी में जब आर्य क्षत्रियों का समुदाय राजस्थान से कोंडापल्ली आया था तो वे अपने साथ खिलौने बनाने की कला भी लाए। पौराणिक मान्यता है कि उन्हें इसे बनाने का कौशल भगवान शिव ने सिखाया था। मंदिरों में इन खिलौनों को कोंडापल्ली बमालू कहा जाता है। ये खिलौने ग्रामीण भारत और हिंदू देवताओं का प्रतिनिधित्व करते हैं। ये खिलौने टेला पोनिकी (सफेद चंदन की लकड़ी) के बने होते हैं। कोंडापल्ली गुड़िया या खिलौने को बड़ी खूबसूरती से तराशा और रंगा जाता है। अंतिम चरण में इसे अलसी के तेल में डाला जाता है, जिससे यह पानी से खराब नहीं होती। कोंडापल्ली डॉल के एक सेट में 24 डॉल्स मौजूद होती हैं। ये डॉल्स ग्रामीण समाज के विभिन्न वर्गों, जैसे- मछुआरे, पुजारी, जनजातीय लोग, किसान, संगीतकार आदि का चित्रण करती हैं। कई बार इन डॉल्स को कुछ इस तरह बनाया जाता है कि इसके टुकड़े जैसे- शरीर, सिर, कान, सूंड़ और पूंछ आदि अलग-अलग बने होते हैं और फिर उन्हें सोने के तार से जोड़ा जाता है। कोंडापल्ली डॉल्स, आंध्र प्रदेश की सांस्कृतिक पहचान का हिस्सा हैं। कोंडापल्ली डॉल्स आंध्र प्रदेश के जीआई टैग हस्तशिल्प के रूप में भी पंजीकृत हैं। *



बच्चो, हनी बेजर इतना बुद्धिमान, बेखौफ और जुझारू एनिमल है कि जंगल का राजा शेर भी आमतौर पर इससे नहीं टकराता! आकार में छोटे, लेकिन साहस, बुद्धि और ताकत से भरपूर इस अनोखे जंतु के बारे में जानो कुछ अमेजिंग-इंटरेस्टिंग बातें।

# बुद्धिमान-साहसी-निडर हनी बेजर

अनोखा जंतु

रेखा शाह आरबी



बच्चो, जंगल में एक से एक आक्रामक, शिकारी और जहरीले जीव-जंतु निवास करते हैं। जंगलों में ही पाया जाने वाला हनी बेजर कई सारी खूबियों से युक्त एक लड़ाका (फाइटर) और बेखौफ जानवर है।

**नहीं डरता किसी से:** हनी बेजर एक निडर शिकारी जानवर है। जंगल का कोई भी जानवर, चाहे वो कितना भी विशाल, शक्तिशाली या जहरीला क्यों न हो, अगर इससे टकराए, तो यह पलटकर जोरदार वार करता है। यह इतना शक्तिशाली होता है कि कछुए के मजबूत खोल को अपने जबड़े से चीर-फाड़ देता है। यह अपनी मोटी खाल, नुकीले दांत और शक्तिशाली लंबे पंजे के बल पर अपने दुश्मनों को तगड़ी चुनौती देने की ताकत रखता है। आमतौर पर शेर भी हनी बेजर का शिकार नहीं करता, क्योंकि यह देर तक शेर का सामना करने की हिम्मत और ताकत रखता है।

**निवास-शारीरिक बनावट और जीवन काल:** हनी बेजर का वैज्ञानिक नाम 'मेलिवोरा कैपेंसिस' है। यह भारतीय उपमहाद्वीप से लेकर दक्षिण पश्चिम-एशिया और अफ्रीका में पाया जाता है। भारत में इसे 'बिज्जु' भी कहा जाता है। अपने देश में यह मुख्य रूप से उत्तर भारत के तालाब, नदियों के कगारों पर 25-30 फुट लंबी मांद बनाकर रहता है।

शारीरिक बनावट की बात करें, तो हनी बैजर के शरीर का ऊपरी भाग भूरा, बगल और पेट काला, माथे पर सफेद चौड़ी धारी होती है। इसकी त्वचा बहुत अधिक मोटी (गैंडा, जिराफ, भैंस जैसे जानवरों से भी अधिक मोटी) होती है। इसके पैरों में 5 मजबूत नाखून होते हैं, जो इसे जमीन खोदने में और मांद बनाने में मदद करते हैं। आमतौर पर वयस्क नर हनी बेजर का वजन 9 से 16 किलोग्राम और मादा हनी बेजर का वजन 5 से 10 किलोग्राम होता है। इसकी अनुकूलन क्षमता इसे अलग-अलग और कठोर परिस्थितियों में भी जीवित रहने में सक्षम बनाती है। हनी बेजर लगभग 24 वर्षों तक जीवित रहता है।

हनी बेजर बहुत बुद्धिमान भी होता है। यह शतुरमुर्ग के अंडों को तोड़ने के लिए पत्थरों का इस्तेमाल करता है। यह दीमक के टीलों पर जाकर लकड़ियां ठोकने के लिए भी पत्थर का इस्तेमाल करता है। *

### बुद्धिमान और माहिर शिकारी

हनी बेजर मूल रूप से सांप, बिच्छू, पक्षी, कीड़े, छोटे स्तनधारी, वनस्पति और फल खाता है। हनी बेजर मुश्किल से मुश्किल हालातों में भी भोजन ढूंढ़ने में माहिर होता है। यह दबे हुए शिकार को खोदकर निकाल लेता है। शहद और लार्वा के लिए मधुमक्खियों के छत्ते पर धावा बोल देता है। शिकार कौशल के अलावा यह भागने में भी माहिर होता है। जरूरत पड़ने पर पेड़ों पर चढ़ सकता है। पानी में तैर भी सकता है। मतलब कि यह हर सिचुएशन के हिसाब से अपने आप को ढाल लेता है।

कविता / डॉ. फहीम अहमद

## गौरैया



अच्छी लगती है गौरैया,
चीं-चीं की यह तेरी धुन!
तिनका-तिनका जोड़ सुहाना
नीड़ बना लेती कैसे?
नन्हा-मुन्ना घर बनने में,
लगते नहीं तनिक पैसे।
मुझे सिखा दे यही कला तू
मेरी इतनी विनती सुन!
सूरज के उगने से पहले,
नींद तुम्हारी खुल जाती।
मीठी-मीठी हवा बहे तो,
काया तेरी धुल जाती।
बैठ डाल पर चुपके-चुपके,
नई सुबह के सपने बुन!
यहां-वहां से, कहां-कहां से,
लाती है तू चुन-चुन के।
लाकर रोज खिलाती है तू
बच्चों को दाने-दुनके।
मुझे बहुत अच्छा लगता यह
तेरा मेहनत वाला गुन!

## हंसगुल्ले



**मोनू :** इस बार दिवाली पर मैंने एक रॉकेट छोड़ा तो वो सीधा आकाश से जा टकराया।
**सोनू (हैरानी से) :** अरे! फिर क्या हुआ?
**मोनू :** फिर क्या, आकाश की मम्मी ने मुझे खूब डांटा और मेरी मम्मी से भी मेरी शिकायत कर दी।
-संभव, रायपुर

**चिंटू :** अगर आलू किसी की हेल्प करे तो उसे क्या कहेंगे?
**मिंटू :** क्या कहेंगे?
**चिंटू :** दयालु।
-पलक, बिलासपुर

**सोनू :** ऐसी कौन-सी चाय है, जिसे पीने के बाद बहुत बुरा लगता है?
**मोनू (देर तक सोचने के बाद) :** मुझे नहीं पता, तुम बता दो।
**सोनू :** गिल्टी।
-कोमल, दुर्ग

## जीके क्विज-177

1. किस विश्वप्रसिद्ध फुटबॉलर को साल 2025 का गोल्डन बूट अवार्ड मिला?
2. हाल ही में कहां दीपावली के अवसर पर 26 लाख से भी अधिक दीये जलाकर गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया गया?
3. सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती को किस दिवस के रूप में मनाते हैं?
4. पिछले दिनों किस तिथि को संयुक्त राष्ट्र दिवस मनाया गया?
5. विश्व प्रसिद्ध पुष्कर मेला किस राज्य में आयोजित होता है?
6. कौन-सा जीवाणु (बैक्टीरिया) दूध को दही में बदल देता है?
7. स्वतंत्र भारत के प्रथम रेल मंत्री कौन बने थे?
8. टेलीस्कोप (दूरबीन) की खोज किसने की थी?
9. विक्टोरिया मेमोरियल भारत के किस शहर में स्थित है?
10. प्रसिद्ध हिंदी उपन्यास 'गोदान' के लेखक कौन हैं?



बच्चों, जीके क्विज-177 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-176 का उत्तर :** 1.मारिया कोरिना मचाडो, 2.ज्ञानेश कुमार, 3.संयुक्त राज्य अमेरिका, 4.न्यूटन, 5.शतरंज, 6.विटामिन ए, 7.दुग्ध उत्पादन, 8.इंदिरा प्वॉइंट, 9.अरुणाचल प्रदेश, 10.लैक्टोमीटर

**जीके क्विज-176 का सही उत्तर देने वाले :** तनिष्क-राजनांदगांव, कबीर-हिसार, आद्या-उमरिया, अविनाश-ईमेल से, रमेश-बैकुंठपुर, रजनी-बलरामपुर, श्रद्धा-ईमेल से, कुसुम-बेमेतरा, प्रियांक-बलौदा बाजार, सोहम-कांकेर

कहानी

क्षमा शर्मा

नन्हे अंतरिक्ष ने इतनी जोरों से किक मारी कि उसकी फुटबॉल ना जाने कहां गायब हो गई। दादाजी ने कहा कि लगता है स्पेसशिप बनकर चांद पर चली गई है। यह सुनकर भोले-भाले अंतरिक्ष ने भी फुटबॉल पर बैठकर स्पेस पर जाने की सोची। स्वयं ही नहीं, घर के और लोगों को भी स्पेस पर ले जाने की सोची। लेकिन अंतरिक्ष की फुटबॉल गई कहां, क्या वह उसे मिली? पढ़ो, बहुत मजेदार कहानी।

# अंतरिक्ष की फुटबॉल



अंतरिक्ष के बड़े से बगीचे में तरह-तरह के गुलाब, लाल-पीले गेंदे और गुड़हल के गुलाबी फूल खिले हुए थे। बगीचे में हरी-हरी घास थी। शाम के समय कभी पापा, कभी बुआ, कभी मम्मा के साथ अंतरिक्ष टेनिस, बैडमिंटन या फुटबॉल खेलता था। टीवी पर फुटबॉल खिलाड़ियों को देख वैसे ही करतब करने की कोशिश करता। वह अकसर अपने दादाजी से बोलता, 'मैं रोनाल्डो बनूंगा, ऐसे गोल मारूंगा।' कहकर वह अपनी फुटबॉल की तरफ दौड़ता और जोर से किक जमाता। फुटबॉल कभी ऊपर टेरेस पर गिरती, कभी नीम के पेड़ में उलझ जाती। एक रात जब आसमान में पूरा चांद उगा था, अंतरिक्ष ने खेल-खेल में फुटबॉल उछाली, तो वह कहीं अटक गई। उसने फुटबॉल खोजने की कोशिश की लेकिन नहीं मिली।

'कहां गई?' अंतरिक्ष ने मम्मा से पूछा। वह बोलीं, 'कहां गई होगी, बाहर चली गई होगी। अब सवेरे जाकर खोजना।'

बुआ ने कहा, 'क्या पता आसमान में जो एक बड़ा पक्षी उड़ता हुआ दिख रहा था, वही उसे अपनी चोंच में दबाकर उड़ गया हो।'

दादाजी बोले, 'अरे वो पक्षी नहीं, वो जो तीन खरगोश बगीचे में घूमते हैं, हो सकता है, उनमें से कोई उसे मुंह में दबाकर भाग गया हो। अपने बच्चों और दोस्तों के साथ खेल रहा हो।' पापा ने बहुत अलग बात कही, 'मुझे तो लगता है, इसकी फुटबॉल स्पेसशिप बनकर चांद पर चली गई है।'

'स्पेसशिप..!' अंतरिक्ष मुस्कराया फिर कुछ सोचता हुआ बोला, 'अगर मैं उस पर बैठा होता तो मैं भी चांद पर चला जाता।' उसकी बात सुन पापा हंसे। 'ठीक है, मैं अपनी दूसरी फुटबॉल लाता हूं। वह भी स्पेसशिप बन जाएगी। मैं दादाजी के साथ उस पर बैठकर चांद पर जाऊंगा।' अंतरिक्ष ने चहकते हुए कहा। 'फिर वहां क्या करोगे?' पापा ने पूछा। 'दादाजी से मैथ्स पढ़ूंगा। होमवर्क भी कर लूंगा। सुना है चांद पर आइसक्रीम के पहाड़ हैं। खूब आइसक्रीम भी खाऊंगा। आपके लिए भी ले आऊंगा।' अंतरिक्ष ने मजे से जवाब दिया। 'और जब नींद आएगी तो..?' दादी ने पूछा। 'नींद आएगी तो सो जाऊंगा।' अंतरिक्ष ने झट से जवाब दिया। 'मगर कैसे सोओगे। तुम्हें तो तब तक नींद ही नहीं आती, जब तक अपने बिस्तर पर न सोओ। और मम्मा तुम्हें कोई कहानी न सुनाए।' दादी बोलीं। अंतरिक्ष तुरंत बोला, 'वहां मेरे दादाजी होंगे न। वो कहानी सुना देंगे।' अंतरिक्ष एक पल रुककर यह भी बोला, 'मेरे साथ मम्मा, पापा, दादी, मेरी बुआ सब साथ चलेंगे। पूरी छुट्टियां हम वहीं रहेंगे।' 'जितना बड़ा तू, उससे छोटी तेरी फुटबॉल। उसमें बैठकर कौन-कौन जाएगा? उसके लिए तो असली वाला स्पेसशिप लाना पड़ेगा। लेकिन कहां मिलेगा स्पेसशिप?' दादाजी ने पूछा।

'पापा दिलवा देंगे मुझे। मैं उसे चलाना भी सीख लूंगा।' अंतरिक्ष बोला। तभी बगीचे में खड़-खड़ सुनाई दी। देखा कि एक खरगोश गमले में लगी गोभी को खाने के लिए चढ़ा था। उसने दूसरा गमला गिरा दिया। गमला टूट गया था। सारी मिट्टी बिखर गई। 'दादाजी खरगोश!' अंतरिक्ष चिल्लाया। दादाजी बाहर आए और जोर-जोर से खरगोश को डांटते हुए पूछने लगे, 'क्यों भई, अंतरिक्ष की फुटबॉल कहां छिपाकर आए हो? जल्दी वापस लाओ। तुम्हें मालूम नहीं, उसे अपनी फुटबॉल से स्पेसशिप बनाना है और चांद पर जाना है।' कहते हुए दादाजी खरगोश की तरफ बढ़े, तो वह भागकर गमले के पीछे छिप गया और मौका पाते ही गायब हो गया। दादाजी बोले, 'देखो तुम्हारी फुटबॉल लेने गया है। अभी दे जाएगा।' 'लेकिन वह तो चांद पर चली गई।' अंतरिक्ष ने अपनी गोल गोल आंखें घुमाईं। 'क्या पता न गई हो। इसके पास हो। नहीं लाया, तो हो सकता है, जो तुम कह रहे हो वही ठीक हो।' दादाजी को अंतरिक्ष से फुटबॉल की बातें करते बहुत मजा आ रहा था। 'अंतरिक्ष आकर दूध पियो। सोने का समय हो गया। सबेरे टेनिस खेलने जाना है।' मम्मा कह रही थीं।

पापा उसके लिए दूध ले आए। अपने कमरे की तरफ बढ़ते हुए अंतरिक्ष रह-रह कर चांद को देख रहा था। उसे लग रहा था कि गोल चांद ही कहीं उसकी फुटबॉल तो नहीं। वह सोते वक्त बार-बार मम्मा से यही पूछ रहा था, 'अगर फुटबॉल चांद बन गई है, तो वह पीली कैसे हो गई? वह तो लाल थी और इतनी चमक क्यों रही है?' अंतरिक्ष के सोने के बाद दादाजी बाहर गए तो पड़ोस की सिंधु आंटी पेड़ों के बीच से झांकती हुई बोलीं, 'अरे, यह अंतरिक्ष की फुटबॉल हमारे ड्रम में आकर गिर गई थी। अभी पानी निकालने लगे तो दिखाई दी।' पापा ने उसे अंतरिक्ष की कुर्सी पर रख दिया। दादी बोलीं, 'सबेरे उठेगा तो पूछेगा कहां से आई?' 'कह देंगे कि चांद आकर दे गया। कह गया है कि एक रात वह अंतरिक्ष को खुद आकर ले जाएगा।' बुआ ने हंसते हुए धीरे से कहा। रात बहुत हो गई थी। अंतरिक्ष भी मीठे सपनों में खोया था। वह हाथ-पांव फेंक रहा था, जैसे कि फुटबॉल के पीछे दौड़ रहा हो। *

कविता

सूर्यकुमार पांडेय



एआई इमेज

## हम अच्छे इंसान बनें

बनना है तो चांद बनें,
शीतलता बिखरा दें हम ।
बनना है तो पवन बनें,
घर-घर मस्ती ला दें हम।
बनना है तो धूप बनें,
सबमें गरमाहट भर दें।
बनना है तो मेघ बनें,
धरती पर बारिश कर दें।
बनना है तो फूल बनें,
सभी ओर खुशबू बिखरे।
बनना है तो रूप बनें,
जो हर रोज नया निखरे।
अगर चाहते हैं दुनिया में,
हम भी बड़े-महान बनें।
उसकी पहली शर्त यही है,
हम अच्छे इंसान बनें।

## रंग भरो-188

**रंग भरो-188** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





**मयंक, गुना**



तमन्ना, कोरबा



ईशान, ईमेल से



हिताक्षी, महेंद्रगढ़



आस्तिका, चांपा




आन्या, दुर्ग

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

अनिकेत-बिलासपुर, प्रियंका-रायपुर, राजन-भोपाल, कोमल-रोहतक, लोकेश-जबलपुर, कुसुम-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, सोहम-जांजगीर, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, राकेश-बालोद, साकेत-हिसार

## रंग भरो 189



बच्चो, यहां एक लड़के और जिराफ का एक प्यारा-सा ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। तुम इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।

## खबर संक्षेप



### अटेली में सिजेरियन आपरेशन कर सफल प्रसव

**मंडी अटेली।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अब सिजेरियन आपरेशन प्रसव सेवा सुलभ हो गई है। जो स्वास्थ्य मंत्रालय के प्रयासों का परिणाम है। वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. विजय यादव के दिशा निर्देशन में वीरवार को एक और सिजेरियन आपरेशन के द्वारा सफल प्रसव करवाया गया।

### न्यायाधीश ने पैनल अधिवक्ताओं की ली बैठक



**मंडी अटेली।** नारनौल। जिले के नागरिकों को कानूनी जानकारी उपलब्ध कराने व राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के उद्देश्य से जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष नरेंद्र सूरा ने वीरवार को न्यायालय परिसर में स्थित एडीआर सेंटर में पैनल अधिवक्ताओं व कानूनी स्वयंसेवकों के साथ बैठक की। जिसमें जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने अधिवक्ताओं को निर्देश दिए कि गांवों में सरपंचों की सहायता लेकर जागरूकता कैंप आयोजित करें, ताकि अधिक से अधिक लोगों को कानूनी जानकारी मिल सके। उन्होंने कहा कि प्राधिकरण का मुख्य लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि कमजोर वर्ग के किसी भी नागरिक को न्याय प्राप्त करने में परेशानी ना हो।

### सुहेल दास गणतंत्र परेड शिविर के लिए चयनित

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई के स्वयंसेवक सुहेल दास का चयन पूर्व गणतंत्र परेड शिविर 2025 के लिए हुआ है। विवि के कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार और समकुलपति प्रो. पवन कुमार शर्मा ने सुहेल दास को इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विवि में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के समन्वयक डॉ. प्रदीप कुमार ने बताया कि सुहेल दास का चयन 17 सितंबर को इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर रेवाड़ी में आयोजित राज्य स्तरीय ट्रायल के बाद हुआ।



### नागरिक अस्पताल को मिला हड्डी रोष विशेषज्ञ

**नारनौल।** गांव रघुनाथपुरा निवासी डॉ. धर्मेंद्र ने नागरिक अस्पताल में हड्डी रोग विशेषज्ञ के रूप में ज्वाइन किया है। इस प्रकार नागरिक अस्पताल को एक नया हड्डी रोग विशेषज्ञ मिला है। इससे पूर्व डॉ. धर्मेंद्र नागरिक अस्पताल के इमरजेंसी विभाग में कार्य कर चुके हैं। इसके अलावा उन्होंने सीएचसी अटेली व पीएचसी दोचाना में भी अपनी सेवाएं दी है। वर्ष 2022 से 2025 तक पीजीआईएमएस रोहतक से ऑर्थोपेडिक्स विभाग में स्नातकोत्तर की। स्नातकोत्तर पूरी होने के बाद उन्होंने नागरिक अस्पताल में हड्डी रोग विशेष के रूप में ज्वाइन किया है।

# जेरपुर-पाली रेलवे स्टेशन के नजदीक अंडरपास की मांग को लेकर महापंचायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़



**महेंद्रगढ़।** महापंचायत को संबोधित करते पाली के सरपंच देशराज। *फोटो: हरिभूमि*

करीब ढाई साल पुरानी जेरपुर-पाली रेलवे स्टेशन के समीप अंडरपास बनाने की मांग गुरुवार को पुनः जोरशोर से उठाई गई। इस उद्देश्य को लेकर जेरपुर, पाली, लावण, मालड़ा, पालड़ी एवं सिसोठ जैसे आसपास के करीब 50 गांवों के सरपंचों एवं गणमान्य लोगों की एक महापंचायत का आयोजन किया गया। महापंचायत में सरकार से अतिशीघ्र अंडरपास बनवाने की मांग की गई। साथ ही चेतावनी भी दी गई कि यदि जल्द ही सुनवाई नहीं की गई तो बड़ा आंदोलन छेड़ा जाएगा। इस मौके पर महापंचायत में जागरूक ग्रामीण वक्ताओं ने बताया कि जेरपुर-पाली स्टेशन के नजदीक अंडरपास की मांग करीब ढाई वर्षों से की जा रही है।

**जल्द ही सुनवाई नहीं की गई तो अंदोलन किया जाएगा**

अंडरपास नहीं होने से रेलवे लाइनें भारत-पाकिस्तान बॉर्डर की भांति एलओसी का काम कर रही हैं और 25-30 गांवों के ग्रामीण आपस में एक-दूसरे से कटे हुए हैं। उन्होंने बताया कि पहले इन गांवों के लोग एक-दूसरे के गांव में 10-15 मिनट में पहुंच जाया करते थे, लेकिन इन लाइनों के कारण सवारी ही नहीं, मालगाड़ियों का भारी संख्या में आवागमन होता है तथा रेल पटरियों पर से पैदल लोगों का गुजरना ही नहीं, दुपहिया बाइक, स्कूटी एवं चार पहिया गाड़ी कार वगैरा का भी इन पर से गुजरना बंद हो गया है। प्लेटफार्म नया बनने एवं बढ़ने से यह परेशानी उत्पन्न हुई है। इसे क्रॉस करना काफी मुश्किल है। ब्याह शादी एवं सुख-दुख में आने-जाने में भी परेशानी होती है। बड़े-बुजुर्गों, महिलाओं एवं बच्चों का आना-जाना तो बेहद दुष्कर हो गया है। इस कारण लोगों को चार-पांच किलोमीटर दूसर से घूमकर आना-जाना पड़ता है। इससे उनका समय एवं धन दोनों व्यर्थ बर्बाद हो रहे हैं। यहां पर एक अंडरपास की सख्त आवश्यकता है। इसकी मांग पहले भी उठाई जा चुकी है।

### 21 लोगों की कमेटी गठित

महापंचायत में सरपंच एसोसिएशन एवं एक्स सर्विसमैन लीग ने भी भाग लिया और महापंचायत को खुला समर्थन देते हुए इस संघर्ष में कदम से कदम मिलाकर चलने का आश्वासन दिया। महापंचायत में भावी रणनीति भी तैयार की गई तथा इस रणनीति पर चलने के लिए रेलवे स्टेशन जेरपुर-पाली अंडरपास कमेटी का गठन किया गया, जिसमें 21 सदस्यों को शामिल किया गया। इनमें कप्तान दयाराम सिंह जेरपुर, सरपंच देशराज सिंह पाली, सरपंच विजयपाल पालड़ी, कैप्टन रामचंद्र पालड़ी, सरपंच रविंद्र ऊष्मापुर, सरपंच हंसराज मांडोला, प्रेम फौजी पाली, दीपचंद सेन मांडोला, हरिओम पूर्व सरपंच ऊष्मापुर, बहादुर सिंह नंबरदार जेरपुर, सूबेदार राजबीर पालड़ी, सूबेदार मेजर रामकिशन साहब पाली, अमित सरपंच धौली, संदीप मालड़ा, योगेश शर्मा जेरपुर, सूबेदार अवधेश पाली, सुधीर मांडोला, सीताराम जेरपुर, मोहित पंच जेरपुर, अश्विनी पालड़ी तथा विक्रम जेरपुर शामिल हैं। यह कमेटी न केवल क्षेत्र के विधायक से मिलकर मदद मांगेगी, बल्कि सांसद का भी सहयोग लिया जाएगा।

### यह रहे मौजूद

इस महापंचायत में कुलदीप सरपंच लावन, राजेंद्र सरपंच जेरपुर, पूर्व सरपंच सुरेंद्र जेरपुर, सरपंच हंसराज मांडोलो, पूर्व सरपंच बृजलाल जेरपुर, सरपंच कर्मबीर गढ़ी, सरपंच योगेश शास्त्री डिगरोता, सरपंच वीरेंद्र भांडोर निची, सरपंच देवेंद्र दूलोठ अहीर, सरपंच रामसिंह भांडोर ऊंची, सरपंच रणबीर सोहड़ी, सरपंच वीरभद्र पायगा, सरपंच विक्रम निंबी, सरपंच राजकुमार जाटवास, सरपंच राजबीर खायरा, सरपंच विजयपाल पालड़ी, सरपंच देशराज पाली, सरपंच सतीश खातोद, डा. धर्मेंद्र सरपंच डुलाना, सरपंच प्रवीण माजरा, सरपंच कमल जासारावास, सरपंच विरेंद्र सिसोठ आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

### पशुओं के दूध की धौक लगाने में भी दिक्कत

ग्रामीणों ने बताया कि यहां नजदीक के गांवों में कई मंदिर एवं धाम लगते हैं और जब कोई नई भैंस दूध देती है तो उसका पहला दूध प्रसाद के रूप में मंदिर में देवता को चढ़ाते हैं, लेकिन अब दो-ढाई साल से यह बंद है, क्योंकि परिवार की बड़ी-बुजुर्ग महिलाएं रेल पटरियों से आने-जाने में असमर्थ हो गई हैं और जब तक वह मंदिर भोग लगाने जाती हैं, तब तक भैंस दूध देना बंद कर चुकी होती है। वह नई भी नहीं होती है और उसे मजबूरन कटुओं को देना पड़ता है।

## एसपी पूजा वशिष्ठ ने युवाओं से किया नशे से दूर रहने का आह्वान

# राता कलां में रात्रि ठहराव में डीसी ने नागरिकों से किया सीधा संवाद

**सभी नागरिक सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाएं: उपायुक्त**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडी अटेली



**नारनौल।** रात्रि ठहराव में समस्याएं सुनते डीसी व एसपी।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देश अनुसार जिला प्रशासन की ओर से बुधवार को जिला के गांव राता कलां में रात्रि ठहराव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने नागरिकों से सीधा संवाद किया तथा उनकी समस्याओं को सुना। इस मौके पर सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग की सांस्कृतिक टीमों ने सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों का रागिनियों के माध्यम से बखान किया।

**राजस्व विभाग से जुड़े कार्य भी ऑनलाइन कर दिए गए हैं**

नागरिकों को संबोधित करते हुए उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने कहा कि सभी नागरिक सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाएं। हरियाणा सरकार ने सभी सेवाओं और योजनाओं को ऑनलाइन कर दिया है। सरकार ने अब राजस्व विभाग से जुड़े कार्य भी ऑनलाइन कर दिए गए हैं। डिजिटल युग में सभी नागरिक ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से सरकार की सेवाओं का लाभ उठाएं। अब रजिस्ट्री करवाने के लिए नागरिकों को बार बार राजस्व विभाग के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ ने नागरिकों से नशे से दूर रहने का आह्वान किया। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे खेल जैसी गतिविधियों से जुड़े रहें। गांव की सरपंच रजनी देवी ने सभी अधिकारियों का गांव में पहुंचने पर स्वागत किया। इस मौके पर एडीसी उदय सिंह, एसडीएम अनिरुद्ध यादव, नगराधीश डॉ. मंगल सेन के अलावा अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।


### विभागों ने स्टाल लगा कर दी सेवाएं

उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार की अध्यक्षता में लगाए गए इस रात्रि ठहराव कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विभागों ने अपना स्टॉल लगाया। इस दौरान अधिकारियों ने राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी तथा मौके पर ही नागरिकों को सेवाएं भी दी। लोगों ने भी इन योजनाओं व सेवाओं का फायदा उठाया। आयुष तथा स्वास्थ्य विभाग की तरफ से लगी स्टाल पर स्वास्थ्य जांच व दवाइयां वितरित की गई। इसके अलावा विभागों ने विभिन्न योजनाओं से संबंधित आवेदन भी करवाए। वहीं परिवार पहचान पत्र से संबंधित समस्याओं का भी निराकरण किया गया।

# विकसित भारत के लिए नीडोनॉमिक्स की प्रासंगिकता विषय पर व्याख्यान

- प्रो. मदन मोहन गोयल ने विद्यार्थियों को किया संबोधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़



**महेंद्रगढ़।** प्रो. मदन मोहन गोयल को सम्मानित करते समकुलपति प्रो. पवन कुमार शर्मा।

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ बिजनेस एंड मैनेजमेंट स्टडीज द्वारा गुरुवार को 'विकसित भारत के लिए नीडोनॉमिक्स की प्रासंगिकता विषय पर विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया गया। आयोजन में तीन बार कुलपति रहे नीडोनॉमिक्स स्कूल ऑफ थॉट के प्रवर्तक और कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय के सेवानिवृत्त प्रोफेसर मदन मोहन गोयल मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। प्रो. मदन मोहन गोयल ने अपने संबोधन में कहा कि विकसित भारत 2047 के लक्ष्य की दिशा में आगे बढ़ने के लिए हमें नीडोनॉमिक्स से प्रेरित पर्यावरण-मैत्रीपूर्ण दृष्टिकोण अपनाना होगा।

### विषय की रूप रेखा बताई

कार्यक्रम में स्वागत भाषण प्रो. रंजन अनेजा, डीन, स्कूल ऑफ बिजनेस एंड मैनेजमेंट स्टडीज ने दिया और उन्होंने प्रो. गोयल का परिचय प्रस्तुत किया। प्रबंधन अध्ययन विभाग के प्रो. आनंद शर्मा ने विषय की रूपरेखा प्रतिभागियों के समक्ष प्रस्तुत की। कार्यक्रम के अंत में प्रो. पायल कंवर चंदेल, डीन, स्कूल ऑफ सोशल साइंसेज ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया।

### नीडो-ट्रेड की अवधारणा पर डाला प्रकाश

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के समकुलपति प्रो. पवन कुमार शर्मा ने प्रो. मदन मोहन गोयल का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि प्रो. मदन मोहन गोयल ने जो विषय प्रस्तुत किया है, वह विद्यार्थियों के लिए महत्त्वपूर्ण है और इससे विद्यार्थी अवश्य ही लाभांवित होंगे। इस अवसर पर प्रो. ए.पी. शर्मा, प्रो. सुशीला, विभागाध्यक्ष, वाणिज्य विभाग तथा प्रो. अमनदीप, विभागाध्यक्ष, अर्थशास्त्र विभाग भी उपस्थित रहे। आयोजन में मुख्य वक्ता प्रो. मदन मोहन गोयल ने उपभोग, बचत, उत्पादन, निवेश और वितरण जैसी आर्थिक गतिविधियों में नीडो-व्यवहार की आवश्यकता पर बल दिया। साथ ही उन्होंने नीडो-ट्रेड की अवधारणा पर प्रकाश डाला, जो वैश्विक सोच और स्थानीय क्रिया के सिद्धांत पर आधारित है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत को नीडो-निर्यात का केंद्र बनने के लिए विपणन में एन.ए.डब्ल्यू दृष्टिकोण के अंतर्गत आवश्यकता, सामर्थ्य और मूल्य को अपनाना होगा, जो नीडो-उपभोग द्वारा संचालित हो।

# श्री बाल गोपाल गोशाला में गोपाष्टमी पर किया हवन

**मंडी अटेली।** गोपाष्टमी के अवसर पर श्री बाल गोपाल गोशाला बिहाली में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर गौमाता की पूजा के बाद पंडित मुकेश ने हवन यज्ञ किया। जिसमें मास्टर कालू राम यादव ने यजमान की भूमिका निभाई। पंडित मुकेश शर्मा ने कहा कि गोमाता हमारी माता है और हमें उनकी सेवा और पूजा करनी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि गाय हमें दूध, गोबर और अन्य उपयोगी चीजें प्रदान करती है, इसलिए हमें उनकी सेवा और पूजा करनी चाहिए। गांव रामपुरा के कप्तान महेन्द्र सिंह शर्मा और उनके भाई रोहताश शर्मा ने गौशाला में दान कर दो गाएं गोद ली। इस मौके पर गोशाला के प्रधान कप्तान महाबीर सिंह, मैनेजर बलबीर, सरपंच मदनलाल, बद्री प्रसाद, सुरेंद्र, सतबीर आदि ने गोमाता की सेवा और पूजा का संकल्प लिया और गौशाला के विकास के लिए काम करने का वचन दिया।



**मंडी अटेली।** गोपाष्टमी कार्यक्रम में हवन यज्ञ करते हुए। *फोटो: हरिभूमि*

# धौलपोश गोशाला में 108 कुंडीय यज्ञ एवं अन्नकुट प्रसाद बांटा



**महेंद्रगढ़।** गोशाला में आयोजित यज्ञ में भाग लेते हुए। *फोटो: हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

श्री गोशाला आश्रम धौलपोश में गोपाष्टमी के पर्व पर 108 कुंडीय यज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें 108 जोड़ों ने हवन में आहुतियां दी। डॉ. निलेश मुद्गल यज्ञ पुरोहित तथा वेदप्रकाश आर्य एवं पतंजलि परिवार द्वारा यज्ञ का कुशल प्रबंधन किया गया।

महान संत बाबा धौलपोश व गोमाता को भोग लगाकर हजारों लोगों ने अन्नकुट प्रसाद ग्रहण किया एवं समस्त महेंद्रगढ़ के निवासियों को अन्नकुट प्रसाद वितरित किया गया। चेयरपर्सन आरपीएस ग्रुप आफ इंस्टीट्यूशंस डॉ. पवित्रा राव ने 50 से अधिक वेटरनरी साइंस के स्टूडेंट को श्री गोशाला धोलपोश भेजा, ताकि यज्ञ एवं गोवंश आधारित ज्ञान प्राप्त कर सकें। पूर्व शिक्षा मंत्री प्रोफेसर रामबिलास शर्मा, विधायक कंवर सिंह यादव, रिटायर्ड एसडीओ फूलसिंह यादव व पूर्व पार्षद कृष्णा शर्मा का मार्ग दर्शन प्राप्त हुआ।

# छात्रों ने दिया नशामुक्त समाज का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडी अटेली



**मंडी अटेली।** विद्यार्थियों नशे से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में बताते हुए थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार।

पुलिस महानिदेशक हरियाणा के निर्देशानुसार राजकीय महाविद्यालय अटेली में नशा रोकथाम जागरूकता अभियान के तहत एक विशेष नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार रहे। इस मौके पर महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने समाज में बढ़ रही नशे की प्रवृत्ति पर भावनात्मक और सशक्त अभिनय के माध्यम से गहरा संदेश दिया। नाटक में दर्शाया गया कि किस प्रकार नशे की लत न केवल एक व्यक्ति का जीवन बर्बाद करती है, बल्कि पूरे परिवार और समाज को भी प्रभावित करती है। विद्यार्थियों ने यह संदेश दिया कि नशे से दूर रहकर ही जीवन में सच्ची सफलता और सम्मान प्राप्त किया जा सकता है। सहायक प्राचार्य नीरज चौहान ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि नशा एक ऐसा जाल है जो धीरे-धीरे व्यक्ति की सोच, स्वास्थ्य और भविष्य को नष्ट कर देता है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे अपने जीवन में ऐसे कार्य करें जो समाज और देश के विकास में योगदान दें।

### नशे से रहें दूर

देवेंद्र कुमार ने कहा कि युवाओं की ऊर्जा देश की सबसे बड़ी ताकत है इसे नशे में नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण में लगाना चाहिए। कार्यक्रम में अक्षत के द्वारा मंच संचालन किया गया और विद्यार्थियों को मंच संचालन के माध्यम से विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने और दूसरों को भी जागरूक करने का संदेश दिया गया।

# गोपाष्टमी पर डोसी धाम पर बांटा अन्नकूट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

श्री च्यवन ऋषि तपोस्थली ढोसी धाम की तलहटी के परिक्रमा मार्ग में कृष्ण कुंड हर की पैडी उर्फ कुकर कुंड पर महंत गजेन्द्र दास बड़ा मंदिर, महंत प्रेमदास महाराज कुलताजपुर व थाना ग्रामवासियों की ओर से गोपाष्टमी के पावन पर्व पर रात्रि जागरण व अन्नकूट भंडारे का आयोजन किया गया। बता दें कि गोवर्धन पर्व, गोपाष्टमी, देवउठनी एकादशी व कार्तिक पूर्णिमा की सात किलोमीटर की परिक्रमा लगाई जाती है। इस पूर्ण परिक्रमा के मार्ग में डोसी धाम के शिव कुंट, पंचपीर्थी, सूर्य कुंड, चंद्र कूप व कुकर कुंड यह पांच बड़े तीर्थ आते है। यह परिक्रमा मंदिर श्री गोपाल कुलताजपुर से शुरू होती है और यही पर आकर परिक्रमा का समापन होता है।

- परिक्रमा मंदिर श्री गोपाल कुलताजपुर से शुरू होती है



**नारनौल।** अन्नकूट में प्रसाद ग्रहण करते हुए।

# सरदार पटेल की जयंती पर एकता मार्च

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय तथा जिला प्रशासन की ओर से देश के लौह पुरुष एवं महान राष्ट्र निर्माता सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर राष्ट्रव्यापी सरदार @ 150 यूनिटी मार्च (एकता मार्च) का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम को लेकर वीरवार को उपयुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया। इस दौरान उनके साथ पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ भी मौजूद थी।

**सरदार @150 यूनिटी मार्च कल दौंगड़ा अहीर से नांगल सिरोही तक**

डीसी ने बताया कि भिवानी महेंद्रगढ़ के सांसद चौधरी धर्मवीर सिंह इस एकता मार्च को हरी झंडी दिखाएंगे। इस मौके पर महेंद्रगढ़ के विधायक कंवर सिंह यादव भी मौजूद रहेंगे। उपायुक्त ने बताया कि यह मार्च एक भारत, आत्मनिर्भर भारत की थीम पर आधारित है। इसी कड़ी में सुबह 10:30 बजे एक जिला स्तरीय पदयात्रा आयोजित की जाएगी। यह ऐतिहासिक यात्रा दौगड़ा अहीर के खेल स्टेडियम से शुरू होगी और नांगल सिरोही में समाप्त होगी। उन्होंने बताया कि पदयात्रा का रूट दौंगड़ा अहीर से शुरू होकर भालखी चौक, एन एच 152-डी कट, कोथल कलां में शहीद स्मारक तथा खातीवास चौक होते हुए नांगल सिरोही पहुंचेगा।



**नारनौल।** कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण करते उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार।

## शुरूआत में सभी प्रतिभागी टीमों के लिए एक स्क्रीनिंग टेस्ट किया

# पीजी कॉलेज में विज्ञान क्विज प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल



**नारनौल।** जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेते विद्यार्थी।

राजकीय कॉलेज में जिला स्तरीय विज्ञान क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। संयोजक डॉ. सतीश सैनी ने जानकारी देते हुए बताया कि इस प्रतियोगिता में जिले के 12 कॉलेजों की 19 टीमों ने भाग लिया। उन्होंने बताया कार्यक्रम कि शुरूआत में सभी प्रतिभागी टीमों के लिए एक स्क्रीनिंग टेस्ट आयोजित किया गया। जिसके आधार पर आठ श्रेष्ठ टीमों का चयन मुख्य क्विज राउंड हेतु किया गया। मुख्य प्रतियोगिता में चार राउंड आयोजित किए गए। जिसमें नॉलेज राउंड, एक्टिविटी राउंड, विजुअल राउंड व रैपिड फायर राउंड शामिल थे। इन चारों राउंडों के संयुक्त अंकों के आधार पर शीर्ष पांच टीमों का चयन गुरुग्राम में होने वाली मंडल स्तरीय प्रतियोगिता हेतु किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ. पूरन प्रभा जिला उच्च शिक्षा अधिकारी रही। उन्होंने अपने प्रेरणादायक संबोधन में छात्रों को विज्ञान के प्रति जागरूक रहने व नवाचार की दिशा में आगे बढ़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आज के युग में विज्ञान हमारे जीवन का अभिन्न अंग है। इस प्रकार की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण को प्रोत्साहित करती हैं। कॉलेज प्रभारी प्राचार्य डॉ. हवासिंह ने सभी अतिथियों व प्रतिभागियों का स्वागत किया।

### क्विज कार्यक्रम सफल

कार्यक्रम के संयोजक डॉ. सतीश सैनी ने क्विज के नियम, प्रक्रिया व संरचना की जानकारी दी। डॉ. पलक ने क्विज मास्टर के रूप में अपनी भूमिका अत्यंत दक्षता, स्पष्टता और कुशलता से निभाई। डॉ. पारुल ने स्कोरर के रूप में सभी प्रतिभागियों के अंकों का सावधानीपूर्वक संकलन किया। क्विज आयोजन समिति के सदस्य डॉ. सतपाल सुलोदिया, डॉ. विजेंद्र, डॉ. गोबिंद, डॉ. धवनीत, डॉ. धीरज, डॉ. प्रियका व डॉ. ज्योति जिंदल ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## बिजली गुल होते ही छा जाता है अंधेरा, लंबे समय से खराब पड़े इन्वर्टर-बैट्री

# डहीना सब तहसील की व्यवस्था बीमार अफसर से लेकर फरियादी तक लाचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डहीना

सब तहसील की व्यवस्था इन दिनों बीमार चल रही है। आलम यह है कि अफसर से लेकर फरियादी तक लाचार नजर आते हैं। सबसे बड़ी समस्या पावर बैकअप की बनी हुई है। बिजली गुल होते ही तहसील परिसर में पूरी तरह अंधेरा छा जाता है। तहसीलदार के कक्ष में भी बिजली जाने के बाद मोबाइल फोन की टॉर्च से काम चलाया जा रहा है। इस सब तहसील के अधीन आसपास के 33 गांव आते हैं। इन गांवों के सैकड़ों लोग अपने कार्य के लिए तहसील परिसर आते हैं। तहसील परिसर में सुविधाओं के नाम पर कुछ नहीं है, तो परेशानियों की काई कमी नहीं है। सबसे बड़ी परेशानी बिजली से जुड़ी हुई है।





रेवाड़ी। डहीना सब तहसील में खराब पड़े इन्वर्टर व बैट्री तथा मोबाइल टॉर्च की रोशनी में कार्य करते हुए नायब तहसीलदार। फोटो : हरिभूमि

### तहसील परिसर के शौचालयों की हालत बदहाल

तहसील में पावर बैकअप नहीं है। इन्वर्टर और बैट्रियां काफी समय खराब पड़ी हुई हैं। बिजली कटते ही तहसीलदार के कमरे तक में अंधेरा छा जाता है। तहसीलदार को लोगों के काम करने के लिए मोबाइल फोन की टॉर्च की रोशनी से काम चलाना पड़ता है। इस समय मौसम ठंडा हो चुका है। गर्मी में पंखा तक नहीं चल पाता। तहसील परिसर के शौचालयों की हालत भी बदहाल बनी हुई है। पुरानी बिल्डिंग होने के कारण नए शौचालयों का निर्माण तक नहीं हुआ है। बाहर से आने वाले लोगों को प्रशाधन के लिए भी भारी परेशानी उठानी पड़ती है।

### पत्र लिखने के बावजूद हल नहीं

*आधिकारिक सूत्रों के अनुसार तहसील परिसर में पावर बैकअप के लिए इन्वर्टर और बैट्रियों की व्यवस्था कराने के लिए कई बार प्रशासन को पत्र भेजे जा चुके हैं। उनके रिमाइंडर भी भेजे गए हैं। इसके बावजूद बिजली व्यवस्था सुचारू करने की दिशा में कोई कदम नहीं उठाए गए हैं। इसका खामियाजा आम लोगों को भुगतना पड़ता है। खासकर दूर-दराज के क्षेत्रों से आने वाले लोगों को बिजली के अभाव में निराश होकर लौटना पड़ता है।*

### बिजली जाते ही सब कार्य ठप

*पावर सब स्टेशन करीब होने के बावजूद लाइनों की मेंटिनेंस के लिए बार-बार लाइनों पर शट डाउन लिया जाता है। इससे घंटों बिजली गायब रहती है। इस दौरान अपने कार्य से तहसील आने वाले लोगों को खाली हाथ लौटना पड़ता है। पेपरलेस रजिस्ट्रियों का कार्य अभी तक शुरू नहीं हो पाया है। तहसील कार्यालयों में कंप्यूटर सिस्टम भी पुराने लगे हुए हैं। व्यवस्था सही नहीं होने के कारण लोगों को अपने कार्यों के लिए बार-बार तहसील के धक्के खाने पड़ते हैं।*

### सीटीएम ऑफिस को लिखे गए पत्र

बिजली की समस्या लगातार गंभीर बनी हुई है। समाधान के लिए सीटीएम ऑफिस को पत्र लिखे जा चुके हैं। जल्द सामान भिजवाकर व्यवस्था सुचारू करने की बात कही जा रही है। उम्मीद है कि बिजली की समस्या का समाधान जल्द हो जाएगा।
-अमित कुमार, नायब तहसीलदार।

## खबर संक्षेप

### पांच लोगों पर मारपीट व लूटपाट का केस दर्ज

**कोसली।** बव्वा गांव के एक व्यक्ति ने अलग अलग गांव के पांच लोगों पर रास्ते में ट्रैक्टर रोक कर मारपीट व लूटपाट करने का आरोप लगाते हुए कोसली थाने में मामला दर्ज कराया है। नाहड़ पुलिस को दी शिकायत में बव्वा गांव निवासी वेदप्रकाश ने बताया कि वह 25 अक्टूबर को कनीना से बाजरे का ट्रैक्टर खाली करके आ रहे थे। रास्ते में बाइक पर आए चार पांच लोगों ने मारपीट की। मारपीट के दौरान उनके ट्रैक्टर में रखे एक लाख साठ हजार रुपये गायब हो गए। शिकायत कर्ता ने आरोप लगाते हुए बताया कि संदीप, सुभा, जीतू, तुषार व रक्षक ने उनके साथ मारपीट की, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आई।

### जाटूसाना रेलवे स्टेशन पर आरक्षण सुविधा प्रारंभ

**कोसली।** जाटूसाना रेलवे स्टेशन पर आरक्षण सुविधा प्रारंभ हो गई है। स्टेशन अधीक्षक कंवर लाल शर्मा ने बताया कि स्टेशन पर आरक्षण कार्यालय ने अपना काम करना शुरू कर दिया है। अब जाटूसाना क्षेत्र के लोगो को अपनी टिकट आरक्षण के लिए कोसली अथवा रेवाड़ी नही जाना पड़ेगा। इससे पूर्व रेल यात्रियों को टिकट आरक्षण के लिए 14 किलोमीटर दूर कोसली अथवा रेवाड़ी जाना पड़ता था। जाटूसाना स्थित आईटीबीपी केंद्र के जवानों को विशेष रूप से इस सुविधा का लाभ मिल सकेगा।

### पीएम सूर्य घर योजना के लाभपात्रों को बांटे चेक

**कोसली।** वीरवार को कोसली उपमंडल के 137 लाभार्थियों को पीएम सूर्य घर योजना के तहत 66.98 लाख की राशि के चेक वितरित किए गए। छत पर सोलर पावर सिस्टम लगवाने से इन लाभपात्रों के घरों का बिजली बिल जीरो राशि तक का हो गया है। बिजली वितरण निगम के कार्यकारी अभियंता अनीश कुमार ने बताया कि अभी तक कोसली डिवीजन क्षेत्र में 1237 घरेलू एवं व्यावसायिक बिजली उपभोक्ता पीएम सूर्य घर योजना का लाभ उठा चुके हैं।

## हरियाणा ओलंपिक स्टेट गेम्स दो से योगासन खेल भी होगा शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

हरियाणा ओलंपिक स्टेट गेम्स का 2 नवंबर से 8 नवंबर तक 10 शहरों में 24 खेलों का भव्य आयोजन किया जाएगा, जिसमे योगासन खेल भी शामिल होगा। हरियाणा योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन के राज्य सचिव डा. युद्धवीर ने बताया कि प्रदेश में 13 वर्षों के बाद 27वें हरियाणा ओलंपिक गेम्स का आयोजन होने जा रहा है, जिसका आयोजन हरियाणा ओलंपिक संघ पंचकूला की ओर से किया जाएगा, जिसका उद्घाटन समारोह 2 नवंबर को ताऊ देवीलाल स्टेडियम गुरुग्राम में प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सैनी करेंगे। डा. युद्धवीर ने बताया कि अबकी बार खेलो की थीम माटी से मेडल तक रखा गया है। हरियाणा ओलंपिक संघ के अध्यक्ष जसविंदर मीनू बेनीवाल व योगासन भारत के महासचिव व हरियाणा योग आयोग के चेयरमैन डा. जयदीप आर्य के प्रयासों से योगासन खेल को भी स्टेट गेम्स में शामिल किया गया है। डा. जयदीप आर्य ने कहा कि यह हमारे लिए गर्व का विषय है, की योगासन खेल को राज्य खेलों में शामिल किया गया है, हमारा पारंपरिक योगासन खेल अब आने वाले समय में ओलम्पिक तक का सफर तय करेगा। अगले वर्ष मार्च माह में योगासन खेल की वर्ल्ड चैंपियनशिप का आयोजन दिल्ली में होने जा रहा है। डा. युद्धवीर ने बताया के इन खेलों में चार इवेंट्स पारंपरिक योगासन, कलात्मक एकल, कलात्मक युगल, तालबद्ध युगल के सीनियर आयु वर्ग के टॉप आठ खिलाड़ी भाग लेंगे। योगासन खेल का आयोजन योग व ज्ञान की नगरी कुरुक्षेत्र में किया जाएगा, जिसमे 71 खिलाड़ियों सहित 36 टेक्निकल ऑफिसियल, कोच भाग लेंगे।

### 36 टेक्निकल ऑफिसियल कोच भाग लेंगे

डा. युद्धवीर ने बताया के इन खेलों में चार इवेंट्स पारंपरिक योगासन, कलात्मक एकल, कलात्मक युगल, तालबद्ध युगल के सीनियर आयु वर्ग के टॉप आठ खिलाड़ी भाग लेंगे। योगासन खेल का आयोजन योग व ज्ञान की नगरी कुरुक्षेत्र में किया जाएगा, जिसमे 71 खिलाड़ियों सहित 36 टेक्निकल ऑफिसियल, कोच भाग लेंगे। हरियाणा के योगासन के खिलाड़ियों का हाल ही में आयोजित राष्ट्रीय चैंपियनशिप में भी देशभर में बहुत अच्छा प्रदर्शन रहा था।



डा. युद्धवीर।

## नुक्कड़ नाटक से दी मोबाइल के दुरुपयोग नशे के दुष्परिणामों की जानकारी

- विद्यालयों में विद्यार्थियों व आमजन को राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ दिलाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के जन्मदिन 31 अक्टूबर को भारतवर्ष में राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जाता है। जिला पुलिस की ओर से राष्ट्रीय एकता दिवस व राष्ट्रीय सुरक्षा के संदर्भ में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। वीरवार को डीएसपी ट्रैफिक पवन कुमार सहित प्रबंधक थाना खोल, सदर रेवाड़ी, धारूहेड़ा, सेक्टर-6 धारूहेड़ा, कोसली, रामपुरा, कसौला, रोहड़ाई, महिला थाना, साइबर थाना व रेवाड़ी पुलिस की नशा मुक्त टीम ने विवेकानंद सीनियर सैकेंडरी स्कूल डहीना, श्री कृष्णा पब्लिक स्कूल हांसाका, आरबीएस मेमोरियल स्कूल जोनियावास, राजकीय स्कूल नाहड, डीएवी पब्लिक स्कूल, राजकीय गर्ल्स सीनियर स्कूल माजरा श्योराज व वीआईपी स्कूल सहित अनेक विद्यालयों में विद्यार्थियों व आमजन को राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ दिलाई गई। पुलिस टीमों ने विद्यार्थियों को प्ले वीडियो, कविता, खेल व नुक्कड़ नाटक के जरिये मोबाइल के दुरुपयोग, नशे से होने वाले दुष्परिणामों तथा साइबर सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दी।



रेवाड़ी। विद्यार्थियों को जागरूक करते हुए नुक्कड़ नाटक की टीम। फोटो : हरिभूमि

## एक नंबवर से मिले लाडो लक्ष्मी योजना का लाभ

- डीसी ने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ गांव सुरहेली में आयोजित रात्रि ठहराव कार्यक्रम में सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोसली

कोसली उपमंडल के गांव सुरहेली में बुधवार रात्रि डीसी अभिषेक मीणा की अध्यक्षता में रात्रि ठहराव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एडीसी राहुल मोदी, एसी यूटी रूहानी व एसडीएम विजय कुमार यादव सहित अन्य विभागीय अधिकारी व गांव के मौजिज व्यक्ति मौजूद थे। डीसी मीणा ने सबसे पहले गांव सुरहेली के खेल स्टेडियम में शहीद शिलापट्ट पर पुष्प अर्पित कर वीर शहीदों को नमन किया। एसडीएम विजय कुमार यादव, डीएसपी विद्यानंद, सरपंच सुमन बाइ व रिटायर्ड कर्नल सोहनलाल ने डीसी व अन्य अधिकारियों का स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान सरकारी विभागों की ओर से अपने-अपने विभाग की जनहितकारी उपलब्धियों पर केंद्रित स्टॉल लगाकर ग्रामीणों को योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। वहीं जन शिकायतों का निवारण करने के लिए हेल्प डेस्क भी स्थापित किए गए। डीसी मीणा ने विभागीय स्टालों का निरीक्षण करते हुए निर्देश दिए कि दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना के लाभपात्रों का शत-प्रतिशत पंजीकरण कराएं जाएं, जिससे कि एक नवंबर से सभी पात्र महिलाओं को 2100 रुपये का लाभ मिलना शुरू हो जाए। उन्होंने कहा कि रिहायशी प्रमाण पत्र बनवाने में किसी महिला पात्र को परेशानी आ रही है तो उसे दूर किया जाए। डीसी ने बीएंडआर के एसडीओ को निर्देश दिए कि रेवाड़ी से बेरली व नाहड़ रोड़ के पुनर्निर्माण का कार्य जल्द शुरू कराया जाए।



रेवाड़ी। कार्यक्रम में लोगों की समस्याएं सुनते डीसी व अन्य अधिकारी।

### मौके पर ये मौजूद रहे

इस अवसर पर डीएसपी विद्यानंद, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी एचपी बंसल, खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी अनिल यादव, नायब तहसीलदार अशोक कुमार, नायब तहसीलदार नेहा यादव, एलडीएम राजीव रंजन, एसएमओ डा. विक्रम सिंह, पशुपालन विभाग के एसडीओ डा. राजबीर सिंह व हरिकेश मौजूद थे।

## विवेकानंद स्कूल के दो विद्यार्थियों ने शूटिंग में जीते मेडल



रेवाड़ी। विजेता विद्यार्थी शिक्षकों के साथ। फोटो : हरिभूमि

**रेवाड़ी।** लाखनौर स्थित विवेकानंद पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने हाल ही में फरीदाबाद में आयोजित डिस्कवरी इंटरनेशनल शूटिंग चैंपियनशिप में अंडर-12 एयर पिस्टल इवेंट कॉम्पटीशन में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर पूरे राज्य में विद्यालय व अपने माता पिता का नाम रोशन किया। कंपटीशन में कक्षा 7वीं से अवनी निवासी बूढपुर ने 10 मीटर एयर पिस्टल अंडर-12 गर्ल्स इवेंट में द्वितीय स्थान हासिल कर ट्राफी व 2100 रुपये का नकद पुरस्कार प्राप्त किया और देवांश निवासी काकोड़िया ने 10 मीटर एयर पिस्टल अंडर-12 बॉयज इवेंट में रनर अप ट्रॉफी जीतकर कीर्तिमान स्थापित किया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
रेवाड़ी कार्यालय : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, सेक्टर-1 वाला कच्चा रास्ता, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी सम्पर्क करें: 8053076211, 8295738500, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 1500/-<br>रु. 2000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
रेवाड़ी : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी फोन : 9653537253, 9671434260

## शिकायतों के निवारण को समाधान शिविरों का लाभ उठाएं नागरिकः डीसी

- अवैध कब्जे की शिकायत पर डीसी ने एचएसवीपी के अधिकारियों को कार्रवाई करने के निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

डीसी अभिषेक मीणा ने वीरवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में आयोजित समाधान शिविर में अधिकारियों के साथ जनसमस्याओं को सुना और उनका मौके पर समाधान किया। डीसी ने नागरिकों से जिला और उपमंडल स्तर पर आयोजित किए जा रहे समाधान शिविरों का लाभ उठाते हुए अपनी समस्याओं का निवारण कराने का आह्वान भी किया। समाधान शिविर में जमाबंदी में नाम सही करने की शिकायत पर राजस्व विभाग के अधिकारियों को त्रुटि दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए। गांव गंगायचा अहीर में खेतों में पानी भरने की शिकायत पर डीसी ने डीडीपीओ को मौके पर जाकर जांच करते हुए जल निकासी के निर्देश दिए। गांव चांदावास व शहर के यादव नगर में पीने के पानी की सप्लाई न आने की शिकायत पर अधिकारी को समस्याओं का निवारण कराने के निर्देश दिए। गोकलगढ़ के टी-प्वाइंट से बाईपास ग्रीन बेल्ट व सेक्टर में ग्रीन बेल्ट पर हो रहे अवैध कब्जे की शिकायत पर डीसी ने एचएसवीपी के अधिकारियों को कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसके अलावा समाधान शिविर में बिजली, परिवार पहचान पत्र, पेंशन, प्रॉपर्टी आईडी व पुलिस विभाग आदि से संबंधित समस्याएं आई। डीसी ने कहा कि मुख्यालय स्तर पर समाधान प्रकोष्ठ स्थापित किया गया है जहां समाधान शिविर की शिकायतों की मॉनिटरिंग की जा रही है। समाधान शिविर में एडीसी राहुल मोदी, एसडीएम सुरेश कुमार व सीटीएम जितेन्द्र कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद थे।



रेवाड़ी। समाधान शिविर में आमजन की समस्याओं को सुनते हुए डीसी अभिषेक मीणा। फोटो : हरिभूमि

## डीईओ सुभाष चन्द्र को सेवानिवृत्ति पर दी भावभीनी विदाई

**रेवाड़ी।** वीरवार को जाट धर्मशाला में जिला शिक्षा अधिकारी सुभाष चंद्र की सेवानिवृत्ति पर विदाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला भर से करीब 400 शिक्षाविदों ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डीपीसी राजेंद्र शर्मा ने की। कार्यक्रम में डीईओ के परिवार के सदस्य भी मौजूद थे। खंड शिक्षा अधिकारी अरविंद यादव सहित सभी बीईओ ने सुभाष चन्द्र का माला पहनाकर स्वागत किया। डीपीसी राजेंद्र शर्मा, डा. दुष्यंत कुमार जिला अध्यक्ष अधिकारी एसोसिएशन व डा. रामपाल शास्त्री ने सुभाष चंद्र का पगड़ी पहनाकर सम्मान किया। खंड शिक्षा अधिकारी राजबाला, संतोष तंवर व शालिनी शर्मा ने डीईओ की माता का शॉल भेंटकर सम्मान किया। प्राचार्य अनिल कुमार यादव ने डीईओ का शाब्दिक अभिनंदन किया। महावीर प्रधान अध्यापक संघ सहित संगठनों के अध्यक्षों ने शिक्षा विभाग में सुभाष चंद्र के योगदान की प्रशंसा की।

## दुग्ध उत्पादों की गुणवत्ता और शुद्धता का रखें ध्यान



रेवाड़ी। वीटा मिल्क चिलिंग सेंटर का निरीक्षण करते हुए विधायक।

**बावल।** विधायक कृष्ण कुमार ने कहा कि मिल्क चिलिंग सेंटर के अधिकारियों और कर्मचारियों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि दुग्ध उत्पादों की गुणवत्ता और शुद्धता में किसी तरह की काई कमी नहीं आए। विधायक वीरवार को वीटा के मिल्क चिलिंग सेंटर का निरीक्षण करते हुए अधिकारियों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सहकारी क्षेत्र उपक्रम वीटा के उत्पादों की बाजार में शुद्धता और गुणवत्ता को लेकर अलग पहचान है। भरोसेमंद उत्पाद होने के कारण लोग वीटा में विश्वास जताते हैं। चिलिंग सेंटर के कर्मचारियों को चाहिए कि वह लोगों की विश्वनीयता को बरकरार रखने की दिशा में कार्य करें। अगर उन्हें किसी तरह की कोई परेशानी आए, तो वह उन्हें अवगत करा सकते हैं। उनकी परेशानियों को सरकार से बातचीत करते हुए हल कराया जाएगा। इस मौके पर उनके साथ भाजपा बावल मंडल अध्यक्ष रमेश लोर और पूर्व सरपंच भीमसिंह भी मौजूद थे। विधायक डा. कृष्ण कुमार 31 अक्टूबर को सुबह 10 बजे खंड विकास एवं पंचायत कार्यालय खोल में समाधान शिविर लगाएंगे। वह लोगों की समस्याएं सुनकर उनका मौके पर ही समाधान कराने का प्रयास करेंगे। खंड खोल के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को समाधान शिविर में उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

## गोशाला में हवन व कार्यक्रम का आयोजन

**जाटूसाना।** जाटूसाना स्थित शिव मोहन गोशाला में गोपाष्टमी पर्व हवन, गोमाता पूजन एवं गोवंश को पौष्टिक आहार खिलाकर मनाया गया। महिला मंडल जाटूसाना एवं महिला मंडल मूसेपुर ने गो माता व भगवान श्री कृष्ण के भजन सुनाएं। इस मौके पर प्रवीण यादव प्रतिनिधि चेयरपर्सन पंचायत समिति जाटूसाना व विक्रम कुमार वॉइस चेयरमैन ब्लॉक समिति जाटूसाना ने गोशाला जाटूसाना के लिए हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया। इस मौके पर मनोज यादव प्रतिनिधि सरपंच जाटूसाना, प्रताप सिंह, जयसिंह यादव प्रधान शिव मोहन गोशाला जाटूसाना, अमित यादव पूर्व पार्षद, विजय सिंह सरपंच मोहदीनपुर, सूबेदार हरिसिंह, तुलाराम यादव, हंसराज उप प्रधान आदि मौजूद रहे।

### महोत्सव का आयोजन 29 नवंबर से एक दिसंबर तक किया जाएगा

# गरिमामयी ढंग से मनाया जाएगा गीता जयंती महोत्सव

डीसी अभिषेक मीणा ने हरियाणा दिवस व गीता महोत्सव कार्यक्रम के आयोजन को लेकर अधिकारियों की ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

हरियाणा सरकार की ओर से हरियाणा दिवस को पूरे उमंग, उल्लास और उत्साह के साथ भव्य रूप से मनाया जाएगा। जिला मुख्यालय पर एक नवंबर को हरियाणा दिवस पर जिला स्तरीय कार्यक्रम का गरिमामयी ढंग से आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में हरियाणवी लोक कलाओं पर आधारित शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएंगी। इसके अलावा जिला स्तर पर गीता जयंती महोत्सव का आयोजन 29 नवंबर से एक दिसंबर तक किया जाएगा। डीसी अभिषेक मीणा ने हरियाणा दिवस और गीता महोत्सव के आयोजन को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक की। इससे पूर्व मुख्यमंत्री के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने प्रदेश के सभी डीसी और अधिकारियों को वीसी के माध्यम से कार्यक्रमों की तैयारियों को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। वीसी उपरांत डीसी अभिषेक मीणा ने बताया कि हरियाणा दिवस पर जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन बाल भवन में किया जाएगा। कार्यक्रम में जिला के विश्वविद्यालय, महाविद्यालयों और विद्यालयों के विद्यार्थियों हरियाणवी संस्कृति पर आधारित शानदार प्रस्तुतियां देंगे, जिसमें समूह नृत्य, एकल नृत्य, रागिनी, ऑर्केस्ट्रा और पेंटिंग गतिविधियां शामिल रहेंगी। वहीं विद्यार्थियों की ओर से हरियाणवी वेशभूषा के साथ लोक लुभावनी पहनावे की कैटवॉक मौजूद लोगों का ध्यान आकर्षित करेगी।



हरियाणा दिवस और गीता महोत्सव को लेकर वीसी में भाग लेते डीसी व एडीसी।

### आज रन फॉर यूनिटी में दौड़ेंगे जिलावासी

डीसी मीणा ने बताया कि लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर 31 अक्टूबर को रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया जाएगा। राव तुलाराम स्टेडियम से शुक्रवार को सुबह 7 बजे शुरू होने वाली रन फॉर यूनिटी को बतौर मुख्य अतिथि विधायक लक्ष्मण सिंह यादव हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे।